# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001

फोन: 8400955546, 9151024463

Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

तव मंगलम मम श्रेयः

पत्रांक संख्या–11359/22 दिनांक 25.11.22

सेवा में,

प्रबन्धक / प्रधानाचार्य,
समस्त नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्र,
उत्तर प्रदेश।

महोदय / महोदया,

आपको अवगत कराना है कि प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा के निर्देश के क्रम में माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक विद्यालयों में छात्रों के साथ नर्सिंग व पैरामेडिकल प्रशिक्षण के सम्बन्ध में साझा की जाने वाली जानकारी निम्न लिंक व संलग्नक के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है।

1. Choose Nursing as a Career - शिक्षा से पहचान तक का सफर | Medical Education Uttar Pradesh #MeUP
https://youtu.be/P0_RYKFh3po

2. Become a Paramedic | Medical Education Uttar Pradesh #MeUP
https://youtu.be/H6Gvj7fr7bE

3. Link to Nursing courses
https://omni.upsmfac.org/CourseDetails.aspx?Cid=MQA=

4. Link to Paramedic courses:
https://omni.upsmfac.org/CourseDetails.aspx?Cid=MgA=

5. Link to Admission Fee:
https://upsmfac.org/page/en/admission-fees

6. Link to Examination Fee:
https://upsmfac.org/page/en/examination-fees

7. Link to Registration Fees:
https://upsmfac.org/page/en/registration-fess

भवदीय,

(हस्ताक्षर)

**सचिव,**
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी



DEPARTMENT OF MEDICAL EDUCATION
MeUP
GOVERNMENT OF UTTAR PRADESH

# नर्सिंग एवं पैरामेडिकल:

## स्वास्थ्य व्यवस्था की नींव से रोगी की उम्मीद तक का सफर

मेडिकल एजुकेशन उत्तर प्रदेश (MeUP)

# पैरामेडिक्स व्यवसाय

## पैरामेडिक्स में क्यों बनाएँ अपना करियर?

पैरामेडिक्स क्षेत्र चिकित्सा की रीढ़ है जो इलाज व्यवस्था को बिना रुकावट चलने में मदद करता है। ये क्षेत्र सभी परीक्षण, आँख की जाँच, एक्स-रे, एमआरआई, अल्ट्रासाउंड जैसी टेक्निकल जिम्मेदारियों को पूरा करके किसी के जीवन की उम्मीद बनता है तो किसी रोगी की लड़ाई में इलाज व्यवस्था का सारथी। पैरामेडिक्स जॉब प्रोफेशन के रूप में युवाओं के भविष्य को साकार कर रहा है।

## पैरामेडिक्स क्षेत्र के सुअवसर

- यूपी के सरकारी-प्राइवेट इंस्टीट्यूट में डिप्लोमा-डिग्री लेवल के कोर्सों की **40000** से ज़्यादा सीटें
- यूपी में पैरामेडिक्स के **12000** से ज़्यादा नए सरकारी पद देंगे युवाओं के भविष्य को उड़ान
- निजी क्षेत्र के संस्थानों में भी पैरामेडिक्स की बड़ी संख्या में माँग

## पैरामेडिक्स में करियर के ऑप्शन

पैरामेडिक्स वो क्षेत्र है जिसमें करियर के रूप में आप लैब टेक्नीशियन, रेडियोलॉजिस्ट, ऑप्टोमेट्रिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट, ओटी टेक्नीशियन, डायलिसिस टेक्नीशियन आदि बनकर स्वास्थ्य जगत के नेक काम का हिस्सा बनते हैं साथ ही जॉब प्रोफेशन के रूप में समाज में नयी पहचान पा सकते हैं।

- YT लिंक 1

## यूपी में बढ़ता नर्सिंग क्षेत्र बढ़ा रहा रोजगार के मौक़े

- वर्ष 2022 में खुले 125 नए नर्सिंग संस्थान
- वर्ष 2022 तक यूपी में GNM के 382 संस्थान
- वर्ष 2022 तक यूपी में ANM के 409 संस्थान

## पैरामेडिक्स क्षेत्र नौकरी के साथ स्वास्थ्य प्रणाली को दे रहा मज़बूती

- वर्ष 2022 में यूपी को मिले 30 नए पैरामेडिकल संस्थान
- 2022 तक कुल 401 संस्थान दे रहे स्वास्थ्य व्यवस्था को गति

# नर्सिंग व्यवसाय

**नर्सिंग का क्षेत्र लड़कियों के साथ लड़कों को भी देता है इस फील्ड में करियर बनाने व रोजगार पाने के अपार मौक़े।**

## क्या नर्सिंग सिर्फ रोगी की सेवा है?

मरीज़ की सेवा के अलावा भी नर्सिंग का क्षेत्र बहुत बड़ा है। नर्सिंग शिक्षक बनकर आप युवा छात्र-छात्राओं को नर्सिंग की ट्रेनिंग दे सकते हैं। भारतीय सेना में जाकर देश सेवा का हिस्सा बन सकते हैं। कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर बनकर स्वास्थ्य व्यवस्था की पहचान बन सकते हैं। ऐसे ही कई अन्य क्षेत्रों में भी नर्सों की अहम भूमिका है।

## क्यों बनें नर्सिंग का हिस्सा?

नर्सिंग चिकित्सा क्षेत्र का वो महत्वपूर्ण हिस्सा जिसपर पर इलाज व्यवस्था निर्भर करती है। नर्स होना बहुत गर्व की बात है क्योंकि एक नर्स किसी के टूटते जीवन की नयी उम्मीद बनती है। पूरे विश्व में नर्सिंग की विशेष पहचान है। समाजसेवा के साथ-साथ नर्सिंग युवाओं की पहली पसंद और रोजगार का उभरता हुआ क्षेत्र बन रहा है जो आय के साथ आपको सम्मान का हक़दार बनाता है।

माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में नर्सिंग शिक्षा छू रही सफलता के नए आयाम।

सरकारी व निजी संस्थानों में मिलाकर डिप्लोमा व डिग्री स्तर के नर्सिंग पाठ्यक्रमों के लिए **46000** से ज़्यादा सीटें हैं।

## नर्सिंग क्यों बन रहा युवाओं की पहली पसंद?

- देश-विदेश में भारतीय नर्सों की मांग 6 गुना तक बढ़ी
- लगभग हर क्षेत्र व हर वर्ग में नर्सों की है ज़रूरत
- यूपी में नर्सिंग का सुनहरा भविष्य, जोड़े गए **45000** से ज़्यादा सरकारी पद
- **7000** कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर व **19000** मिडवाइफ़ के पद भी अनुमानित
- नर्सिंग के साथ देश सेवा भी संभव। सेना, रेलवे जैसे विभाग में नर्सों की एहमियत



# पाठ्यक्रम पात्रता

## नर्सिंग

| | कार्यक्रम | अवधि | पात्रता |
|---|---|---|---|
| डिप्लोमा | सहायक नर्स (एएनएम) | 2 वर्ष | 10+2 किसी भी स्ट्रीम में |
| | जीएनएम | 3 वर्ष | अंग्रेज़ी विषय के साथ न्यूनतम 40 अंक |
| डिग्री | बीएससी नर्सिंग , स्नातक | 4 वर्ष | 10+2 विज्ञान पीसीबी और अंग्रेज़ी विषय के साथ न्यूनतम 45 अंक |
| | पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग (जीएनएम) | 2 वर्ष | पंजीकृत जीएनएम |
| | एमएससी नर्सिंग, परास्नातक | 3 वर्ष | बीएससी नर्सिंग |

कई पीजी पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं

- नर्सिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की सूची के लिए देखें: https://omni.upsmfac.org/CourseDetails.aspx?Cid=MQA=
- नर्सिंग डिग्री पाठ्यक्रमों की सूची के लिए देखें: https://abvmuup.edu.in/course-schedule.php



# पाठ्यक्रम पात्रता

## संबद्ध स्वास्थ्य सेवा/पैरामेडिक्स

| कार्यक्रम | अवधि | पात्रता |
|---|---|---|
| डिप्लोमा | 2 | विज्ञान में 10+2 (पाठ्यक्रम पर निर्भर विषय संयोजन) |
| बीएससी | 3 या 4 | विज्ञान में 10+2 (पाठ्यक्रम पर निर्भर विषय संयोजन) |

कई पीजी पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं

- पैरामेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की सूची के लिए जाएँ: www.upsmfac.org
- पैरामेडिकल डिग्री पाठ्यक्रमों की सूची के लिए जाएँ: www.abvmuup.edu.in



# नर्सिंग और पैरामेडिकल कोर्स के बारे में अधिक जानकारी के लिए देखें

| कोर्स लेवल | वेबसाइट |
|---|---|
| डिप्लोमा | www.upsmfac.org |
| बीएससी एवं पीजी | www.abvmuup.edu.in |

**PLEASE CONTACT YOUR PRINCIPAL FOR ANY QUERIES**

**नर्सिंग: जब सेवाभाव बनी नर्स की पहचान**

QR Code

MeUPGovt

मेडिकल एजुकेशन उत्तर प्रदेश (MeUP)